Title: Re: Increase in honorarium of Aanganwadi workers.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): सभापति महोदय, संपूर्ण भारत में एकीकृत बाल विकास सेवाओं की लगभग 2.5 मिलियन आंगनवाड़ी कार्यकर्मियों द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर ध्यान देने के साथ उनके देखभाल की जिम्मेदारी निभाई जा रही है। सरकार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में किए गए प्रावधान Early Child Care and Education (E.C.C.E.) को भी पूरा करने के लिए अपने कर्तव्य का पालन कर रही है। देश में पल्स पोलियो, जनगणना एवं अन्य प्रशासनिक कार्य को भी पूरी निष्ठा के साथ किया जा रहा है। 2019 में प्रधानमंत्री द्वारा देश की आंगनवाड़ी कार्यकर्मियों को Rs.1500 एवं सहायिकाओं के मानदेय में Rs. 750 की वृद्धि की गई थी, जिससे उत्तर प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्मियों को Rs.7500 मिल रहा है। मौजूदा समय में इतने मानदेय में आंगनवाड़ी की कार्यकर्मियों एवं सहायिकाओं को अपने कर्तव्य के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारी निभाने में कठिनाई हो रही है।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि आंगनवाड़ी कार्यकर्मियों के मानदेय में Rs.10,000 मानदेय की वृद्धि करने की कृपा करें तथा उन्हें एक-एक नया स्मार्ट फोन हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषाओं की एप्लीकेशन के साथ प्रदान करने का कार्य करें, जिससे वह अपने दायित्व का निर्वहन कर सके।